प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 13.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

केंद्र सरकार के निर्देश के बाद खाद्य और आपूर्ति विभाग ने रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल का बेहतर तरीके से उपयोग करने का आग्रह किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण अनिश्चितता की स्थिति को देखते हुए जनता को इन उत्पादों का सही तरीके से उपयोग करने की सलाह दी गई है। गैस संकट के बीच केन्द्र सरकार ने राज्यों को केरोसीन आंवटित किया है। इसमें राजस्थान को 29 लाख 28 हजार लीटर केरोसीन दिया गया है। केन्द्र सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में केरोसीन वितरण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए है। इधर प्रदेश में खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने घरेलु गैस आपूर्ति पर कल जयपुर में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। घरेलु उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है। प्रदेशभर में खाद्य विभाग की सतर्कता टीमें गैस सिलेण्डरों के अवैध भण्डारण, रिफिलिंग और कालाबाजारी पर कडी नजर रखे हुए है।उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलु गैस सिलेंडरों की बुकिंग के लिये 45 दिन का अंतराल तय किया गया है वहीं शहरी क्षेत्रों में ये अवधि 25 दिन रखी गई है।

00000

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त आज जारी की जायेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज असम में गुवाहाटी से ये राशि जारी करेंगे। देश के 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 640 करोड़ रूपये से अधिक की सम्मान राशि सीधे हस्तान्तरित की जायेगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि योजना के तहत किसानों को अब तक 4 लाख 9 हजार करोड़ से ज्यादा की सम्मान राशि डीबीटी की जा चुकी है। प्रदेश में पीएम किसान उत्सव दिवस के अवसर पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम जयपुर में रखा गया है। ये कार्यक्रम दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में होगा। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि इसमें राज्य के 66 लाख 76 हजार से अधिक किसानों को 1 हजार 335 करोड़ रूपये से अधिक की राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जायेगी। उन्होंने बताया कि सभी जिलों में पीएम किसान उत्सव मनाया जायेगा।

0000

प्रदेश में कल से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार है। मौसम विभाग ने इसके असर से कई स्थानों पर अंधड और बारिश की संभावना जताई है। अजमेर, जयपुर और भरतपुर संभाग तथा शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं गरज के साथ आंधी और बारिश की संभावना है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कई स्थानों पर कल बादल छाये रहे और मध्यम हवायें चली। वहीं तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है।

....

00000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के दल ने कल भीलवाडा जिले के एक तहसीलदार को 60 हजार रूपये की रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया। अटाली के तहसीलदार ने ये राशि दलाल ईमित्र संचालक के जरिये ली थी। मामले में तहसीलदार और उसक दलाल सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

0000

उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान में पंचायत चुनाव में कथित देरी को लेकर दायर याचिका में दखल से इनकार किया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉय माल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने बिहारी लाल रणवा बनाम राजस्थान राज्य और अन्य शीर्षक वाले मामले में सुनवाई के बाद ये निर्णय दिया।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मार्च को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर

1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 27 मार्च तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000